कार्यालय पंचायत समिति बामनवास,जिला सवाई माधोपुर (राज.)

क्रमांक /पसबा /संस्था /2022 –23/ दिनांक ....

प्रेस नोट

प्रधानमंत्री आावास योजना में आवास पूर्ण नहीं करवाने वालों पर एफ.आई.आर के निर्देश

जिला परिषद् सवाई माधोपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बामनवास पंचायत समिति की विभिन्न पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत बन रहे आवासों का जिला परिषद् से दल भेजकर भौतिक सत्यापन करवाया, सत्यापन दलों की रिपोर्ट के आधार पर सरकारी राशि की किश्तें प्राप्त करने के बाद भी आवास नहीं बनाने वाले लोगों पर 15 जनवरी 2023 तक थाने में एफ.आई.आर. दर्ज करवाने के निर्देश प्रदान किए गये। घ्यानत्व है कि पंचायत समिति क्षैत्र की समस्त 39 ग्राम पंचायतों में अभी भी लगभग 2000 लोगों के आवास अभी भी अपूर्ण है।

श्रीमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी महोदय ने प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत लापरवाही वरतने वाले प्रभारी श्री बृजमोहन मीना एवं फुलवाडा ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित करने एवं 4 अन्य ग्राम विकास अधिकरियों को चार्जशीट जारी करने के निर्देश विकास अधिकारी को दिए गये। सत्यापन टीम में अधिशाषी अभियंता श्री गोपाल मंगल, श्री प्रकाशचन्द मीना एवं आयोजना अधिकारी श्री बाबूलाल बैरवा तथा पंचायत समिति के विकास अधिकारी डॉ. जगदीश गुर्जर व सहायक अभियंता श्री प्रमुखलाल के निरीक्षण किया बाद सत्यापन पंचायत समिति सभागार में श्रीमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् ने बैठक ली जिसमें विकास अधिकारी डॉ. जगदीश गुर्जर व अधिशाषी अभियंता श्री गोपाल मंगल, श्री प्रकाशचन्द मीना एवं आयोजना अधिकारी श्री बाबूलाल बैरवा, सहायक लेखाअधिकारी श्री रामखिलाडी मीना एवं समस्त ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ. जगदीश गुर्जर (RRDS)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति बामनवास

प्रतिलिपि :–

1. माननीय संपादक, राजस्थान पत्रिका/ दैनिक भास्कर/ दैनिक नवज्योति को निशुल्क प्रकाशनार्थ।